# मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण,उ0प्र0

**203/9, नबीउल्लाह रोड, लखनऊ**

फोन/फैक्स नं0—0522—2614721 वेबसाईट—www.upmdm.org ई मेल—lkomdm@gmail.com


संख्याः म0भो0प्रा0/अधिष्ठान/1120 /2022—23 दिनांक 27-07-2022

## विज्ञप्ति

मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0 के कार्यालय में सृजित/स्वीकृत पदों के अन्तर्गत कतिपय पदों **(1. प्रशासनिक अधिकारी 2. वैयक्तिक सहायक 3. आशुलिपिक 4. वरिष्ठ लेखा लिपिक 5. कैशियर/स्टोर कीपर)** पर शासकीय विभाग से प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयन हेतु योग्य, इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने सम्बन्धित विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण व टाइम्स ऑफ इण्डिया के दिनांक 28.06.2022 के संस्करण में प्रकाशित करायी गयी थी, जिसमें आवेदन पत्रों के प्राप्त होने की अंतिम तिथि 10.07.2022 सायं 05:00 बजे नियत की गयी। अपरिहार्य कारणोंवश दिनांक 12.07.2022 को विज्ञप्ति प्रकाशन के माध्यम से अन्तिम तिथि 25.07.2022 सायं 05:00 बजे तक विस्तारित की गयी।

उपरोक्त पदों में वरिष्ठ लेखा लिपिक के साथ सहायक लेखाकार पद नाम भी संयोजित किये जाने के कारण पद नाम **"वरिष्ठ लेखा लिपिक/सहायक लेखाकार"** हो जाने के फलस्वरूप आवेदन पत्रों के प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 10.08.2022 सायं 05:00 बजे तक विस्तारित की जाती है। विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वेबसाइट—**www.upmdm.org** पर पूर्व से उपलब्ध हैं, जिसका अवलोकन कर इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगे।

निदेशक

# मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण,उ0प्र0

203/9, नबीउल्लाह रोड, लखनऊ

फोन/फैक्स नं0—0522—2614721 वेबसाईट—www.upmdm.org ई मेल—lkomdm@gmail.com


## विज्ञप्ति

मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0 के कार्यालय में सृजित/स्वीकृत पदों के अन्तर्गत कतिपय पदों पर शासकीय विभाग से प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयन हेतु योग्य, इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, जिनका विवरण निम्नवत् हैः—

### 1. प्रशासनिक अधिकारी (01 पद) हेतु अर्हताः—

1. कार्यालय की सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था में कार्य का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक।
2. छठवें वेतनमान के अनुसार वेतनमान 9300—34,800 ग्रेड वेतन 4200 (सातवें वेतनमान में वेतन मैट्रिक्स लेवल—06) में कार्यरत अथवा ठीक एक नीचे ग्रेड वेतन 2800 (सातवें वेतनमान में वेतन मैट्रिक्स लेवल—05) में कार्यरत कार्मिक आवेदन हेतु अर्ह होंगे।

### 2. वैयक्तिक सहायक (01 पद) हेतु अर्हताः—

1. वैयक्तिक सहायक सम्बन्धी कार्यों का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक।
2. शासकीय विभाग के अन्तर्गत छठवें वेतनमान के अनुसार वेतनमान 9300—34,800 ग्रेड वेतन 4200 (सातवें वेतनमान में वेतन मैट्रिक्स लेवल—06) में कार्यरत अथवा ठीक एक नीचे ग्रेड वेतन 2800 (सातवें वेतनमान में वेतन मैट्रिक्स लेवल—05) में कार्यरत कार्मिक आवेदन हेतु अर्ह होंगे।

### 3. आशुलिपिक (01 पद) हेतु अर्हताः—

1. आशुलिपिक सम्बन्धी कार्यों का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक।
2. शासकीय विभाग के अन्तर्गत छठवें वेतनमान के अनुसार वेतनमान 5200—20200 ग्रेड वेतन 2400 (सातवें वेतनमान में वेतन मैट्रिक्स लेवल—04) में कार्यरत अथवा ठीक एक नीचे ग्रेड वेतन 2000 (सातवें वेतनमान में वेतन मैट्रिक्स लेवल—03) में कार्यरत कार्मिक आवेदन हेतु अर्ह होंगे।

### 4. वरिष्ठ लेखा लिपिक/सहायक लेखाकार (01 पद) हेतु अर्हताः—

वरिष्ठ लेखा लिपिक

1. लेखा सम्बन्धी कार्यों का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक।
2. शासकीय विभाग के अन्तर्गत छठवें वेतनमान के अनुसार वेतनमान 5200—20200 ग्रेड वेतन 2400 (सातवें वेतनमान में वेतन मैट्रिक्स लेवल—04) में कार्यरत अथवा ठीक एक नीचे ग्रेड वेतन 2000 (सातवें वेतनमान में वेतन मैट्रिक्स लेवल—03) में कार्यरत कार्मिक आवेदन हेतु अर्ह होंगे।

सहायक लेखाकार

शासकीय अर्हतानुसार।

### 5. कैशियर/स्टोर कीपर (01 पद) हेतु अर्हताः—

1. कैशियर/स्टोरकीपर सम्बन्धी कार्यों का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव आवश्यक।
2. शासकीय विभाग के अन्तर्गत छठवें वेतनमान के अनुसार वेतनमान 5200—20,200 ग्रेड वेतन 2000 (सातवें वेतनमान में वेतन मैट्रिक्स लेवल—03) में कार्यरत अथवा ग्रेड वेतन 1900 (सातवें वेतनमान में वेतन मैट्रिक्स लेवल—02) में कार्यरत कार्मिक आवेदन हेतु अर्ह होंगे।

### उपरोक्त पदों पर आवेदन हेतु नियम एवं शर्तें निम्नवत् हैंः—

1. उपरोक्त पदों पर चयन के संदर्भ में अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित प्रारूप पर उचित माध्यम से आवेदन किया जायेगा। मूल विभाग के नियुक्ति प्राधिकारी की अनुमति अनिवार्य होगी।
2. प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयनित होने वाले अभ्यर्थी को नियमानुसार वेतन आदि का भुगतान किया जायेगा। साथ ही नियमानुसार ईंधन प्रतिपूर्ति, चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा (एल0टी0सी0) तथा सी0यू0जी0 की सुविधा भी अनुमन्य होगी।

3. क्र0सं0–02 एवं 03 से सम्बन्धित पदों हेतु कम्प्यूटर संचालन की जानकारी अनिवार्य है तथा क्र0सं0–04 व 05 से सम्बन्धित पद हेतु टैली पैकेज, पी0एफ0एम0एस0/एस0एन0ए0 खाता संचालन की जानकारी रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।
4. आवेदन हेतु निर्धारित प्रारूप में अभ्यर्थी का सम्पूर्ण विवरण (फोटो चस्पा) तथा शैक्षिक योग्यता आदि का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये व आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि संलग्न होना अनिवार्य है, जो स्वप्रमाणित हो।
5. चयन के संदर्भ में साक्षात्कार समिति के समक्ष मूल विभाग के नियुक्ति प्राधिकारी का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
6. प्रतिनियुक्ति पर चयन की दशा में प्रतिनियुक्ति अवधि समान्यतः 03 वर्ष होगी।
7. जिन आवेदकों की अधिवर्षता आयु दिनांक 01.07.2022 को 05 वर्ष से कम आकलित होगी, ऐसे अभ्यर्थी आवेदन हेतु अर्ह नहीं होंगे।
8. पृथक–पृथक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।
9. मूल विभाग में सातवां वेतनमान लागू न होने की दशा में प्राधिकरण द्वारा सातवें वेतनमान के अनुसार वेतनादि का लाभ देय नहीं होगा। मूल विभाग में अनुमन्य वेतनमान के अनुरूप नियमानुसार प्राधिकरण द्वारा वेतनादि का लाभ देय होगा।
10. ऐसे अभ्यर्थी, जिनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही/विभागीय कार्यवाही गतिमान है अथवा दोषी पाये गये हैं, आवेदन हेतु अर्ह नहीं होंगे।

मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0 में आवेदन पत्र केवल **स्पीड–पोस्ट/पंजीकृत डाक** के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन पत्रों के प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 10.08.2022 सायं–05 बजे तक नियत है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। डाक विभाग के विलम्ब हेतु प्राधिकरण उत्तरदायी नहीं होगा। आवेदन प्रेषण सम्बन्धित लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से आवेदित पद का नाम अवश्य लिखा जाय। यह विज्ञप्ति मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की वेबसाइटः **www.upmdm.org** पर उपलब्ध है।

साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों को तिथि, स्थान एवं समय के बारे में पृथक से अवगत कराया जायेगा।

निदेशक

**कार्यालय–मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0 लखनऊ में प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयन हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप**

| |
|---|
| स्वप्रमाणित फोटो |

1. आवेदित पद का नाम...........................................................
2. आवेदक का नाम..................................................................
3. पिता / पति का नाम.............................................................
4. जन्मतिथि..........................................................................
5. आयु (01.07.2022 को) ...............वर्ष..........माह.........दिन...........
6. श्रेणी (अनु0जाति / अनु0जनजाति / अ0पि0वर्ग / सामान्य)...............................
7. पत्र व्यवहार का पता (पिन कोड, ई0मेल आई0डी0 एवं मोबाइल नं0 सहित)
   ..............................................................................................................
   ..............................................................................................................
   ..............................................................................................................
8. गृह जनपद.....................................................
9. शैक्षिक योग्यता..................................................
10. अन्य प्रोफेशनल योग्यता / विशेषता आदि (यदि कोई हो).......................
11. मूल विभाग एवं वर्तमान कार्यालय का नाम, पद नाम तथा वेतन–
    ..............................................................................................................
    ..............................................................................................................
12. वेतनमान, वेतन लेवल एवं मूल वेतन तथा कुल परिलब्धियाँ............................
    ..............................................................................................................
13. अनुभव / सेवा विवरण–

| क्र0सं0 | अवधि (कब से कब तक) | विभाग / संस्था का नाम | वेतनमान | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

संलग्नकों की संख्या–

स्थान :

दिनांक :

**(आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर)**
पता, पिन कोड एवं मो0 नम्बर सहित

**(अग्रसारण अधिकारी का नाम एवं हस्ताक्षर)**
मुहर सहित